ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE
24, AKBAR ROAD, NEW DELHI
COMMUNICATION DEPARTMENT

Transcription of CP Audio-Visual Appeal **01 May, 2021**

Congress President, Smt. Sonia Gandhi's Appeal.

श्रीमती सोनिया गांधी ने कहा कि प्यारे भाईयों- बहनों नमस्कार! कोरोना महामारी के चुनौतीपूर्ण समय में आप और आपके परिवार की सुरक्षा और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं। वो लाखों परिवार, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति भी दिल से अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। हमारा देश इस समय कोरोना की जानलेवा मुसीबत का सामना कर रहा है। आप सब जानते हैं, लाखों की संख्या में हमारे परिजन कोरोना से रोजाना पीड़ित हो रहे हैं। ये संकट सभी देशवासियों के लिए परीक्षा की घड़ी है। हमें एक- दूसरे का हाथ पकड़, एक-दूसरे का सहारा भी बनना है और एक-दूसरे की ताकत भी।

मैं जानती हूं कि मौजूदा हालात इंसानियत को हिला देने वाले हैं। कहीं ऑक्सीजन की कमी है, कहीं दवाओं का अकाल है और कई अस्पतालों में बिस्तर नहीं है। यह स्थिति देश के ज्यादातर राज्यों में बनी हुई है। बेहद जरुरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। घर और बाहर दोनों जगह पूरी सावधानी बरतें। ना खुद के जीवन को खतरे में डालें, ना औरों के। जितना हो सके भेदभाव छोड़कर एक दूसरे की जहाँ तक हो सके हर संभव मदद करें।

रही बात सरकार की, तो केन्द्र और राज्य सरकारों के लिए यह समय जाग जाने और कर्तव्य को निभाने का है। मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि वे सबसे पहले गरीबों की सोचें और उनका पलायन रोकने के लिए हर एक परिवार के खाते में संकट खत्म होने तक 6,000 रुपए डालें। देश में कोरोना टेस्टिंग बढ़ाई जाए, दवाओं, ऑक्सीजन और अस्पतालों का युद्ध स्तर पर प्रबंध किया जाए। सारे देशवासियों के लिए कोरोना से बचाव के मुफ्त टीकाकरण का इंतजाम हो, ताकि लोगों को बचाया जा सके। कोरोना वैक्सीन की कम्पलसरी यानि अनिवार्य लाइसेंस दी जाए ताकि थोड़े समय में सबको वैक्सीन मिले। वैक्सीन की कीमत का भेदभाव बंद हो। जीवन रक्षक दवाईयों की कालाबाजारी बंद हो। सारी इंडस्ट्रीयल ऑक्सीजन को अस्पतालों को देने का फौरन इंतजाम हो। देश के सभी राजनीतिक दलों की सहमति से राष्ट्रीय स्तर पर कोविड से निपटने की रणनीति बनाई जाए।

इस अवसर पर मैं कोविड से लड़ रहे सभी डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टॉफ, हेल्थ वर्कर्स को नमन करती हूं, जो अपनी जान की बाजी लगाकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

साथियों, मैं फिर कहना चाहती हूं कि इस संकट से पार पाने के लिए एकजुटता ही सबसे बड़ा मंत्र है। हमारे देश ने इससे पहले भी बड़े-बड़े संकटों का सफलतापूर्वक सामना एकजुट होकर किया है। कांग्रेस पार्टी देश को कोविड संकट से बचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से उठाए जाने वाले हर जरुरी कदम में साथ देगी। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप कोरोना संकट की गंभीरता को समझते हुए एक नागरिक के रुप में अपना भरपूर योगदान देंगे।

आशा करती हूं कि हम सबकी कोशिशों से देश इस संकट से पार पाने में जल्दी ही सफल होगा।

जयहिंद।

Sd/-

(Dr. Vineet Punia)
Secretary
Communication Deptt,
AICC